दिन– गुरुवार दिनांक– 31 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत कल होगा प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन। एक सितम्बर तक ली जायेगी दावा आपत्ति।

02. भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के जवइनिया गांव के गंगा नदी में विलीन होने का मुद्दा लोकसभा में उठा। आरा सांसद सुदामा प्रसाद और पूर्णियां सांसद पप्पू यादव ने कार्रवाई की मांग की।

03. राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाईल खरीदने के लिए ग्यारह हजार रूपये की राशि देगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गयाजी, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत कल प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल इस सूची पर एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। आयोग ने कहा कि पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारण से प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सका है वे घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं, दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं से बीएलओ उनके घर जाकर आवेदन प्राप्त करेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त दो अगस्त को जारी की जाएगी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। श्री चौहान ने पूरे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया।

———बाईट———

इस अवसर पर श्री चौहान पटना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कल इस संबंध में नई दिल्ली में कृषि मंत्री से मुलाकात की।

———————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग भू—अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए सोलह अगस्त से महाअभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा। विभागीय मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि इसका उद्‌देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और आम लोगों को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान डिजिटाईज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण और छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाईन किया जायेगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी अशुद्धियां भी ठीक की जायेंगी।

———————————————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के जवइनिया गांव के गंगा नदी में विलीन होने का मुद्दा कल लोकसभा में भी उठा। आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि गंगा के कटाव के कारण जिले के कई गांव बाढ़ से प्रभावित हुये हैं। उन्होंने उस निर्माण कम्पनी पर कार्रवाई की मांग की जिसने जवइनिया गांव के आस—पास खुदाई की थी।

———बाईट———

इधर, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने भी सदन में जवइनिया गांव के गंगा में विलीन होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पटना में भीषण जल जमाव और राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का भी मुद्‌दा उठाया।

———बाईट———

———————————————————————————————

सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी ने लोकसभा में भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर को सरकार से उचित सम्मान देने की मांग की। श्री रूडी ने उन्हें भारत रत्न, पदम विभूषण या कोई अन्य प्रमुख सम्मान देने का आग्रह किया।

———बाईट———

वहीं, राज्यसभा सांसद डॉक्टर भीम सिंह ने सदन में गया अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा करने की मांग की है।

———————————————————————

राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाईल खरीदने के लिए ग्यारह हजार रूपये की राशि देगी। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी ने बताया कि इसके लिए वित्त विभाग ने राशि का आवंटन कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक सेविकाओं के बैंक खाते में यह राशि भेजी जायेगी। श्रीमती प्रेयषी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ऑनलाईन गतिविधियों को देखते हुये सरकार ने यह फैसला किया है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से खास कर राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश की गतिविधियां जारी रहेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश होने से कृषि कार्यों में तेजी आई है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग ने आज गयाजी, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने सासाराम में वर्ष दो हजार चौबीस में पुलिस फायरिंग में एक युवक की हुई मौत के मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा है। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकल पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष सत्ताईस दिसम्बर को सासाराम के पीरबाबा मोहल्ले में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत हो गयी थी। ट्रैफिक डीएसपी आदिल बिलाल और उसके बॉडीगार्ड पर गोली चलाने का आरोप है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने धनराज निप्पणीकर को मुंगेर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया है। श्री निप्पणीकर वर्तमान में उद्योग विभाग में हस्तकरघा और रेशम निदेशालय के निदेशक पद पर तैनात हैं। वहीं, मुंगेर के निवर्तमान जिलाधिकरी अरविंद कुमार वर्मा को सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान करने का आदेश दिया गया है।

———————————————————————

पटना से नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज से नियमित परिचालन शुरू हो रहा है। यह ट्रेन पटना के राजेन्द्र नगर टर्मिनल से शाम सात बजकर पैंतालीस मिनट पर रवाना होगी और अगले दिन दोपहर एक बजकर दस मिनट पर नई दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोतिहारी में अठारह जुलाई को आयोजित एक कार्यक्रम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

————————————————————————

पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के कमला नेहरू नगर में एक आरोपी की गिरफ्तारी करने पहुंची दानापुर थाने की पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना में एक दारोगा सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गये। मामले में एक महिला सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

————————————————————————

भोजपुर जिले के नारायणपुर गांव में आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने सिम बॉक्स के जरिये फर्जी एक्सचेंज चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

————————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के बागमली में अपराधियों ने एसबीआई के एटीएम को काट कर तेरह लाख सत्तर हजार रूपये लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में पुलिस ने एक नकली दवा और कॉस्मेटिक कम्पनी का भंडाफोड़ किया है। मौके से लगभग एक करोड़ रूपये की नकली दवा और कॉस्मेटिक उत्पाद बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

छपरा नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पिता—पुत्र समेत तीन हथियार तस्करों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

गया जंक्शन पर रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने एक वाहन से चौंतीस लाख रूपये मूल्य के नशीले पदार्थ डोडा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पर्यावरण और वन विभाग की टीम ने पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र से पांच सपेरों को विभिन्न प्रजाति के तीस सांपों के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

शेखपुरा जिला आज अपना बत्तीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आरिफ एहसन के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी। वहीं, कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अमेरिका के भारत पर टैरिफ और जुर्माना लगाये जाने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ट्रम्प ने भारत पर पच्चीस प्रतिशत शुल्क–जुर्माना थोपा।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– ट्रम्प ने पहली बार किसी देश पर पैनल्टी लगायी।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– अब जैविक पट्टी से जोड़ी जा सकेगी टूटी हड्डियां।

प्रभात खबर लिखता है– ब्रिटेन से एक सौ सत्ताईस साल बाद बुद्ध के अस्थि अवशेष भारत लाये गये।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– निजी मेडिकल कॉलेजों की पचास फीसदी सीटों पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों की दर से होगा नामांकन।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– हाई–वे पर अचानक लगाया ब्रेक तो मानी जायेगी लापरवाही।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत कल होगा प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन। एक सितम्बर तक ली जायेगी दावा आपत्ति।

02. भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के जवइनिया गांव के गंगा नदी में विलीन होने का मुद्दा लोकसभा में उठा। आरा सांसद सुदामा प्रसाद और पूर्णियां सांसद पप्पू यादव ने कार्रवाई की मांग की।

03. राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाईल खरीदने के लिए ग्यारह हजार रूपये की राशि देगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गयाजी, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।